# समाचार

## अतिवृष्टि प्रभावित परिवारों को सहायता राशि दी महापौर ने

### (सामाजिक कार्यकर्ता एस.फेलिक्स ने उपलब्ध कराई 05–05 हजार रूपये की सहायता राशि)



कोरबा 06 अगस्त 2016 –अतिवृष्टि से प्रभावित मुड़ापार वार्ड के पांच परिवारों को आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने 05–05 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की। नगर के व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री एस. फेलिक्स ने प्रभावित परिवारों के लिए 05–05 हजार रूपये की यह सहायता राशि उपलब्ध कराई।

यहां उल्लेखनीय है कि विगत दिनों हुई भारी बारिश के दौरान नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 26 मुड़ापार में पांच परिवारों के मकान धराशायी हो गए थे, निगम द्वारा इन परिवारों के सदस्यों को मुड़ापार स्थित सामुदायिक भवन में ठहराया गया है तथा उनके आवास भोजन आदि की व्यवस्था कराई गई है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने विगत दिन वहां पहुंच कर इन प्रभावित परिवारों के सदस्यों से भेंटकर उनका हालचाल जाना था तथा उन्हें आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। आज महापौर श्रीमती अग्रवाल ने पुनः शिविर में पहुंचकर इन प्रभावित परिवारों को 05–05 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की। यह सहायता राशि नगर के व्यवसायी एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री एस.फेलिक्स द्वारा उपलब्ध कराई गई है। इन पांच परिवारों के जिन सदस्यों को यह सहायता राशि महापौर द्वारा प्रदान की गई उनमें मंगल सारथी, फगनीबाई पटेल, मयाबाई, जमुना सिन्दे, लक्ष्मीप्रसाद सारथी आदि शामिल है। सहायता राशि प्रदान किए जाने के इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ.गोपाल कुर्रे एवं सीताराम चौहान, पार्षद प्रदीप जायसवाल, समाजसेविका मंगल बुधिया, महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष सपना चौहान, चन्द्रकांत यादव, हेमंत चौहान, तरूण लाल आदि के साथ अन्य नागरिक उपस्थित थे।